2 क्विंटल 29 किलो डोडा-पोस्त चूरा के साथ दो जने गिरफ्तार

जप्त किये गये डोडा-पोस्त चूरा की अनुमानित कीमत सात लाख रुपये बताई

सरदारशहर, (निसं)। शनिवार रात्रि को एक ओर जहां शहरवासी नववर्ष के जश्न में डूबे हुए थे, वहीं पुलिस हमेशा की तरह सड़कों पर घूम रही थी, नववर्ष को मध्य नजर रखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीमें बनाकर शहर व हाईवे पर निगरानी की जा रही थी।

सरदारशहर पुलिस हाईवे पर रात्रि को नाकाबंदी किये हुए खड़ी थी, इसी बीच सरदारशहर पुलिस को रविवार अलसुबह बड़ी सफलता मिली है। सरदारशहर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 2 क्विंटल 29 किलो डोडा पोस्त चूरा व 1 कार को जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सतपाल विश्नोई ने रविवार शाम 6 बजे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चूरू पुलिस अधीक्षक दिगत आनंद के निर्देशन पर रविवार अल सुबह करीब 3:30 बजे थाना अधिकारी सतपाल विश्नोई, एएसआई जयसिंह व टीम ने रतनगढ़ रोड पर गणगौर होटल के पास नाकाबंदी की।

पुलिस ने कार सवार दो जनों को गिरफ्तार कर 2 क्विंटल 29 किलो डोडा पोस्त का चूरा जप्त किया।

नाकाबंदी के दौरान रविवार अल सुबह 5:30 बजे रतनगढ़ की तरफ से एक टोयोटा कार आई, जिसे चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया तो कार चालक वहां से कार सहित भाग गया, लेकिन रोड खराब होने के कारण 50 मीटर की दूरी पर कार रुक गई।

कार में 2 लोग सवार थे जिनको भागने का कारण पूछा तो जवाब नहीं दे पाए, फिर पुलिस ने दोनों को तसल्ली देकर पूछा तो उन्होंने कार में डोडा पोस्त का चूरा होना बताया। कार की तलाशी ली तो कार में रखे 10 प्लास्टिक के कट्टों में डोडा पोस्त चूरा भरा हुआ मिला। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार सवार फिरोजपुर पंजाब निवासी जसदीप सिंह पुत्र चमकौर सिंह और सुखदीप सिंह पुत्र जगसिंह को गिरफ्तार कर 2 क्विंटल 29 किलो डोडा पोस्ट का चूरा और एक कार को जप्त किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वही आरोपियों से पूछताछ में यह पता किया जाएगा कि यह डोडा पोस्त का चूरा कहां से ला रहे थे और कहां पर ले जा रहे थे। वहीं थाना अधिकारी सतपाल विश्नोई के अनुसार जप्त डोडा पोस्ट चूरा की कीमत 7 लाख रुपये है।

राजू ठेहट हत्याकांड: शूटर्स तक हथियार पहुंचाने वाला गिरफ्तार

- हत्या के लिए शूटर्स को रुपए और हथियार बीकानेर से पहुंचाए, यहीं से पांच गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। सीकर में राजू ठेहट की हत्या मामले में बीकानेर से एक और गिरफ्तारी की गई है। अब तक बीकानेर से पांच युवकों को सीकर पुलिस के हवाले किया जा चुका है। हत्याकांड में उपयोग में लिए गए हथियारों की सप्लाई और शूटर्स को रुपए पहुंचाने के तार सीधे तौर पर बीकानेर से जुड़े हुए हैं। अब तक बीकानेर से शूटर्स को रुपए उपलब्ध करवाने के प्रमाण मिले थे लेकिन अब हथियार देने के मामले में गिरफ्तारी हो गई है।

बीकानेर के जिस आरोपी को बीकानेर पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है, उस पर हथियार पहुंचाने का आरोप है। पंचमुखा हनुमान मंदिर के पास रहने वाले आरोपी धनराज गहलोत पुत्र सत्यनारायण गहलोत को सीकर पुलिस के हवाले कर दिया है। एएसपी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी धनराज गहलोत ने शूटरों को हथियार उपलब्ध करवाए थे। उन्होंने बताया कि अब आरोपी से सीकर पुलिस गहनता से पूछताछ करेगी। किस तरह के हथियार बीकानेर से उपलब्ध कराए गए और इस हत्या में काम आए हथियार कब और कितने में दिए, ये भी जांच का विषय है। सीकर पुलिस ने अब तक राजू ठेहट मामले में मनीष उर्फ बच्चिया, विक्रम गुर्जर, जतिन वर्मा उर्फ जॉनी पहलवान, सतीश कुमार उर्फ पहलवान, सकील खान, गणेश ओझा, राकेश ओझा, मुकेश उर्फ बलू, सरजीत सिंह, गुलझारी उर्फ जीएल, उमेश गहलोत, नेमीचंद गुर्जर को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड में दो बालकों को भी पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग बीकानेर से निरुद्ध किया गया। हत्या के बाद जिस व्यक्ति के मोबाइल से रोहित गोदारा की पोस्ट लगाई गई थी, उसे भी पुलिस दबोच चुकी है। बताया जा रहा है कि सीकर में कोचिंग स्टूडेंट्स बनकर रह रहे शूटर्स को हथियार बीकानेर से पहुंचाए गए थे। बीकानेर शहर से अब तक उमेश गहलोत और धनराज गहलोत को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों की भूमिका हथियार पहुंचाने में हो सकती है। फिलहाल पुलिस ये नहीं बता रही है कि इन लोगों के पास हथियार कहां से आए और कब ये हथियार सीकर पहुंचे।

पूर्व में गिरफ्तार युवकों से सख्ती से पूछताछ के बाद आगे से आगे गिरफ्तारी हो रही है। बीकानेर पुलिस को सीकर से ही नाम और पते बताए जा रहे हैं और गिरफ्तारी के बाद सीकर पुलिस के हवाले किए जा रहे हैं। बीकानेर से अब तक एक नाबालिग के अलावा बिग्गा से गणेश ओझा, राकेश ओझा को गिरफ्तार किया गया। वहीं शहर से धनराज गहलोत व उमेश गहलोत को पकड़ा गया है। राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट की सीकर में 3 दिसंबर की सुबह हत्या कर दी गई थी। कोचिंग की ड्रेस में पहुंचे बदमाशों ने घर के बाहर खड़े ठेहट पर फायरिंग की। ठेहट को 3 से ज्यादा गोली लगी थी। हत्या में शामिल चार शूटर्स सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। राजस्थान पुलिस के मुताबिक, दो बदमाशों को हरियाणा के बॉर्डर के पास डाबला से पकड़ा गया है, जबकि तीन की गिरफ्तारी झुंझुनूं के पौंख गांव से हुई।

राजू ठेहट की हत्या के बाद रोहित गोदारा के नाम से की गई थी पोस्ट। इस पोस्ट को करने वाले दो युवकों को पुलिस बीकानेर से गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, राजू ठेहट की हत्या के मामले में गैंगस्टर रोहित गोदारा का नाम सामने आया था। उसके नाम से एक फेसबुक पोस्ट भी की गई थी। इस पोस्ट में राजू ठेहट की हत्या की जिम्मेदारी ली गई थी। रोहित बीकानेर के लूणकरणसर का ही रहने वाला है। बीकानेर पुलिस पिछले दिनों रोहित के नाम से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जाता है कि रोहित फिलहाल कनाडा में है। रोहित गोदारा फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है।

पट्टेशुदा जमीन हड़पने का मामला दर्ज

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगायी
- एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया

सुजानगढ़, (कासं)। एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक करणीदान चारण के खिलाफ कोतवाली थाने में पट्टेशुदा जमीन को हड़पने का मामला दर्ज हुआ है।

पीड़ित हरिप्रसाद सारडा पुत्र जानकीलाल सारडा निवासी सुजानगढ़ हाल साल्ट लेक सिटी कोलकत्ता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि गत 31 दिसम्बर को वह अपनी नया बाजार में स्थित पट्टे शुदा भूमि में निर्माण कार्य करवाने के लिए अपनी भूमि में पट्टिया, पत्थर, बजरी, ईंटें व मलबा डाल रहा था।

मेरी भूमि में चार मिस्त्री व 6 मजदूर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सुबह साढे सात बजे के करीब मेरा पड़ौसी करणीदान चारण व उसकी पत्नी सहित सात-आठ अन्य व्यक्तियों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लग गये व मजदूरों के ऊपर पत्थर बरसाने लग गये।

हरिप्रसाद सारडा ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि सरकारी अधिवक्ता करणीदान ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस को फोन करके उन्हें शांतिभंग में गिरफ्तार करवाकर जमीन में लगी पट्टियां तोड़ दी व बजरी व ईंट चोरी करके ले गये।

साथ ही सारडा ने आरोप लगाया कि उनकी पट्टा शुदा जमीन पर अवैध रूप से सी.सी.टी.वी कैमरे लगाकर फर्जी संस्था बनाकर कूटरचित दस्तावेजों के जरिये जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने चारण के खिलाफ धारा 143, 323, 5०4, 379 में मामला दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक तेजाराम को जांच सौंप दी है।

सारडा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अपर लोक अभियोजक करणीदान चारण पर दर्ज मुकदमों की जांच करवाने की मांग करते हुए सरकारी अधिवक्ता के पद से हटाने की मांग की है। साथ ही पुलिस से सुरक्षा व न्याय की गुहार लगायी है।

दीवार ढहने से मजदूर की मौत, लोगों ने रास्ता रोका

आबूरोड,(निसं)। आबूरोड सदर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में रविवार को एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक श्रमिक की मौत हो गई। घटना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी रखवाया।

जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड मानपुर में निर्माणाधीन मकान पर कार्य करते समय शिवाजी नगर निवासी लालाराम की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को अस्पताल लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर आबू रोड सदर थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतक के शव को मोर्चरी ले जाने से नाराज परिजनों ने आबूरोड - मांउट आबू रास्ता जाम कर दिया। जिसके बाद मौके पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। वहीं पुलिस और समाज के लोगों के बीच समझाइश का दौर जारी रहा। करीब तीस मिनट बाद लोगों और पुलिस के बीच समझाइस हुई और मार्ग को सुचारू रूप से शुरू करवा दिया गया। इस दौरान आबूरोड सदर थाना अधिकारी प्रवीण आचार्य मय जाब्ते के साथ तैनात रहे।

शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील' अजमेर पहुंची

शाही ठाठ-बाठ से मेहमान नवाज़ी पर देसी-विदेशी मेहमान भाव विभोर हुए

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील न्यू ईयर टूर पर अजमेर पहुंची। आरटीडीसी द्वारा आयोजित स्वागतम 2023 कार्यक्रम में पैलेस ऑन व्हील के यात्रियों को निगम अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। शाही ठाठ-बाठ से मेहमाननवाज़ी पर देसी विदेशी मेहमान भाव विभोर हुए।

निगम अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री राठौड ने बताया कि 8 अक्टूबर 2022 को राजसी ठाट बाट से पैलेस ऑन व्हील का शुभारंभ किया गया था, अभी तक 300 से अधिक देशी विदेशी पर्यटक पैलेस ऑन व्हील में यात्रा कर शाही मेहमान नवाजी का लुफ्त उठा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पैलेस ऑन व्हील के न्यू ईयर ट्यूर में भारत सहित 7 देशों के 53 पर्यटक यात्रा कर रहे हैं जिसमें अमेरिका के 16 भारत के 14 कनाडा के 12 इजराइल के 6 बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया के दो-दो एवं ब्रिटेन का एक पर्यटक शामिल है एवं निगम अध्यक्ष राठौड़ ने पैलेस ऑन व्हील्स में यात्रा कर पर्यटकों से फीडबैक भी लिया। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने एक साल के कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि एक साल में आरटीडीसी की माली हालत को सुधार कर पर्यटन के क्षेत्र में कई नवाचार किए हैं जिससे राज्य में पर्यटन को नई दशा और दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि आरटीडीसी के कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग, आरजीएसएस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, सेवानिवृत्ति परिलाभो एवं बकाया वेतन का भुगतान किया गया है ।

यात्रियों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

राठौड़ ने बताया कि निगम द्वारा होटल सरोवर पुष्कर, केसल झूमर बावड़ी रणथंभोर, सिलीसेढ सरिस्का, होटल गोकुल नाथद्वारा, होटल गंणगौर जयपुर, होटल कजरी उदयपुर, होटल शिखर माउंट आबू, होटल खादिम अजमेर, होटल टाइगर डेन सरिस्का, होटल फॉरेस्ट भरतपुर के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण एवं सुंदरीकरण के 13.18 करोड के निर्माण कार्य चल रहे हैं, इससे आरटीडीसी की होटलें नए लुक में नजर आएगी एवं निजी क्षेत्र की होटलों से परस्पर प्रतिस्पर्धा कर सकेगी।

इस अवसर पर वंशावली आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री राम सिंह राव अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री पवन गोदारा अजमेर डेयरी के सदर रामचंद्र चौधरी पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल, नोरत गुर्जर, अजय कृष्ण तैंगोर विजय नागौरा पार्षद कपिल सारस्वत हेमंत जोधा सर्वेश पारीक गुल मोहम्मद मुन्नयर कायमखानी द्रौपदी कोली भरत जाटव यादव सैयद फैसल सोनल मौर्य देशराज मेहरा एडवोकेट सम्राट कोटडा लक्ष्मी बुंदेल दीपेश्वरी टाक अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल जय शंकर चौधरी देश राज मेहरा उमेश शर्मा चेतन पंवार महेंद्र जोधा आरिफ खान महेश ओझा सहित बड़ी संख्या में कांठोसियों एवं जनप्रतिनिधियों ने देसी विदेशी मेहमानों का बैण्ड बाजे के साथ अभिनंदन किया।

स्मैक के नशे की लत ने बनाया चोर

- पुलिस ने लूट के तीन व चोरी के एक आरोपी को पकड़ा

पाली, (निसं)। शौक पूरा करने के लिए मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों और चोरी के मोबाइल खरीदने के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

डॉ. गगनदीप सिंगला ने बताया कि 29 दिसम्बर की शाम को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल परिसर में जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर के पास मोबाइल पर बात कर रही। स्टूडेंट भावना का मोबाइल लूटकर ले गए थे। पुलिस ने लगातार मोबाइल लूट की वारदातों को देख कोतवाली थाने की विशेष टीम गठित की जिन्होंने कैमरे के फुटेज की मदद से मामले में पाली के पुराना बस स्टैंड चारणियों का बास निवासी 22 साल के गौरव चारणिया पुत्र किशनलाल चारणिया, इन्द्रा कॉलोनी निवासी 27 साल के भवानी पुत्र नंदूसिंह रावणा राजपूत, सूरजपोल जटियों का बास निवासी 21 साल का हरीश नवल पुत्र अशोक कुमार नवल सहित चोरी के मोबाइल खरीदने के आरोपी पाली के निहारियों का मोहल्ला निवासी 20 साल के मोहम्मद अली पुत्र रफीक निहारिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने वारदात के दौरान जो बाइक उपयोग में ली वह भी चोरी की निकली जिसे जब्त किया गया। आरोपियों ने यह बाइक ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र से चुराई थी। बाइक पर आए तीन बदमाश लूटकर ले गए थे। इसी तरह 25 दिसम्बर की शाम को हाऊसिंग बोर्ड निवासी नीरज मंडिया रोड से घर की तरफ आ रहे थे। गांधी टेक्स्टाइल के पीछे उन्हें अकेला देख बाइक सवार युवक उनका मोबाइल

सर्दी ने ठिठुराया

छबड़ा (निसं)। कस्बे में इन दिनों शीतलहर चलने से सर्दी बढ़ गई है। वहीं अब घना कोहरा भी छाने लगा है। रविवार को 2023 के प्रथम दिन भी क्षेत्र में सुबह लगभग दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिससे वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सर्दी अपना प्रकोप दिखा रही है। तेज सर्दी से बेचने के लिए लोग गर्म कपड़ों का व सहारा का लेते नजर आ रहे है।

भाजपा ने भीड़ लाने के लिए ताकत झौंकी

जोधपुर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन आक्रोश अभियान के तहत 2 जनवरी को जोधपुर शहर में विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर जोधपुर में भाजपा आक्रोश रैली के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश फूंकने की कोशिश में है। 2 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर आक्रोश सभा होगी। जिसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और स्थानीय सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह मुख्य वक्ता होंगे।

सभा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चिपकाए गए हैं, साथ ही आमजन को पत्रक और पीले चावल भी बांटे जा गए हैं। कांग्रेस सरकार के पिछले चार साल के कार्यकाल में प्रदेश की बिगड़ी हुई व्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए भाजपा पिछले 20 दिन से जनाक्रोश अभियान चला रही है। हर विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश रथ यात्रा निकाली गई। अब सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर जनाक्रोश महासभा का शंखनाद कर रही है। भाजपा जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करने के साथ-साथ आमजन को पीले चावल देकर सभा में आने का निमंत्रण दिया गया।

घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

- रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार महिला गम्भीर घायल हुई थी
- परिजनों शव को थाने के पास रखकर कस्बे से निकल रहे स्टेट हाईवे रोड को जाम कर दिया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की

मांगरोल (निसं)।मांगरोल थाना क्षेत्र के गांव मौरडी में रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ने पीछे से चलते मोटर साइकिल के टक्कर मार दी जिसके कारण महिला गम्भीर घायल हो गई।

घायल अवस्था में परिजन स्वास्थ्य केन्द्र मांगरोल लाये जहां से डॉक्टरों ने उपचार कर गम्भीर घायल महिला को कोटा रैफर किया गया जहां उपचार के दौरान 31 दिसंबर शनिवार को महिला की मृत्यु हो गई। पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन शव लेकर मांगरोल पहुंचे जहां पर सैकड़ो युवा कार्यकर्ताओं ने महिला का शव थाने के पास रखकर कस्बे से निकल रहे स्टेट हाईवे रोड को जाम कर दिया। मृतक परिवार एवं युवा बुजुर्ग कार्यकर्ता पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे है, साथ ही ट्रैक्टर ट्राली व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने मांग पर अडे हुए है।

महिला का एक्सीडेंट 27 दिसम्बर 2022 को गांव मौरडी में हुआ था। मृतक महिला कौशल बाई बैरवा (25) जिसके दो बालिका है एक तो एक महीने की दूसरी तीन वर्ष की। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि उसके जेठ के साथ रामगढ़ माताजी के दर्शन करने मोटरसाइकिल बैठकर जा रही थी ट्रैक्टर वाले ने पीछे से ट्रैक्टर वाले ने टक्कर मार दी है जिससे महिला की इलाज के दौरान हुई पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए स्टेट हाईवे पर शव रखकर न्याय दिलाने में मृतक परिवार के एवं गांव वासी साथ में अंता पंचायत समिति के प्रधान प्रखर कौशल भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष दिलीप मीणा और मांगरोल पंचायत समिति के डायरेक्टर रघुवीर गुर्जर बैठे।

लेकिन स्थानीय प्रशासन का एसडीएम अधिकारी ना तहसीलदार पुलिस प्रशासन के अंता उप अधीक्षक भी नहीं पहुंचे के गांव वासियों ने प्रमोद भाया के मुर्दाबाद के नारे लगाए पांच से रात की 7:30 बजे तक स्टेट हाईवे पर सुभाष सर्किल पर शव रखकर न्याय दिलाने के लिए बैठे रहे लेकिन कांग्रेस का एक भी नेता ने आकर आश्वासन नहीं दिया अभी तक समाचार लिखने तक अभी मामला जारी है।

हादसे में आरएसी के जवान की मौत

बीकानेर, (कासं)। लूणकरनसर राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर मलकीसर बस स्टैण्ड के समीप टैंकर व कार की आमने-सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में कार में सवार बीकानेर आरएसी की 10 वीं बटालियन में कार्यरत एक जवान की मौत हो गई।

हादसा संभवत: टैंकर के ओवरटेक से होना बताया जा रहा है। भाडेरां टोल प्लाजा एम्बुलेंस के ईएमटी रामलाल गोदारा ने बताया कि बीकानेर आरएसी की 10 वीं बटालियन में कार्यरत कांस्टेबल बीकानेर के करणीनगर निवासी महावीर सिंह (49) पुत्र मनोहर सिंह अपनी कार से महाजन की तरफ से बीकानेर की ओर आ रहे थे। इस दौरान राजमार्ग-62 पर शाम करीब 5.30 बजे मलकीसर बस स्टैण्ड से आगे एक टैंकर ने ओवरटेक करते समय कार को टक्कर मार दी।

हादसे में कार में सवार कांस्टेबल महावीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस से लूणकरनसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया।

जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। टक्कर से कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। लूणकरनसर थानाधिकारी चन्द्रजीत सिंह भाटी ने बताया कि मृतक पुलिस मोटर ड्राईविंग स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर बताया जा रहा था।

सालासर बालाजी में भक्तों ने नववर्ष का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया

रविवार शाम तक दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या एक लाख तक पहुंच गई

सुजानगढ़, (कासं)। नववर्ष 2023 का जश्न सालासर बालाजी नगरी में भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। रात के 12 बजते ही सालासर की गलियों में देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने बालाजी को हैपी न्यू ईयर कहते हुए आतिशबाजी की।

इससे पहले सालासर की गली-गली में हनुमान चालीसा की चौपाइयों के साथ भक्तों ने भजनों का समा बांधा। सालासर के लक्ष्मणगढ़ बाईपास पर स्थित अयोध्या भवन में बालाजी का दरबार सजाया गया। यहां पर श्रीबालाजी संघ चंडीगढ़ के सेवादारों ने बालाजी की ज्योत जलाई। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकार कन्हैया मित्तल ने अपने भजनों से उपस्थित श्रोताओं को एक धागे में पिरो दिया। मित्तल ने 'बालाजी आछा लाग स...', 'जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे...', भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। जय पुजारी के सानिध्य में हुई भजन संध्या में भंवरलाल पुजारी, रविशंकर पुजारी, मनोहर पुजारी, अंकित पुजारी, निलेश पुजारी सहित पुजारी परिवार के सदस्य मंच पर मौजूद रहे।

रात 1 बजे से लगी कतार में शाम तक भक्तों की रही रेलमपेल: नववर्ष 2023 के स्वागत में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व अन्य प्रदेशों से आए भक्तों ने मंदिर के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद 1 बजे पट खुलते ही मेला ग्राउंड में यात्रियों की भीड़ लग गई। हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी ने बताया कि रात भर में 50 हजार से ज्यादा भक्तों ने सालासर बालाजी के दर्शन किए। रविवार शाम तक दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या एक लाख तक पहुंच गई। सालासर आए भक्तों की सेवा में जगह - जगह भंडारे भी लगाए गए। अंजनी माता मंदिर रोड, सालासर बालाजी मंदिर के पास दूध, चाय, खाने के लिए संघों द्वारा भंडारे लगाए गए।

सालासर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या में भीड़ उमड़ पड़ी।

- रात के 12 बजते ही देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने बालाजी को हैपी न्यू ईयर कहते हुए आतिशबाजी की

सालासर बालाजी मंदिर प्रवेश द्वार के बाहर सेल्फी लेने वाले यात्रियों की भीड़ दिखी। सालासर आए भक्तों ने सेल्फी व रील्स बनाकर सोशल साइट पर अपलोड किए।

100 पुलिसकर्मियों ने संभाली भक्तों की सुरक्षा की कमान: नववर्ष पर सालासर में आए भक्तों की सुरक्षा में 100 पुलिस कर्मियों का जाप्ता मंदिर व सालासर में चप्पे - चप्पे पर तैनात रहा। थानाधिकारी संदीप विश्नोई रात भर पुलिस कर्मियों के दल के साथ गश्त कर यात्रियों को दर्शन करवा रहे थे। सालासर बालाजी मंदिर में निजी गार्डों ने दर्शन करवाने में सहयोग किया।